卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 18 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦25 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## हाइड्रा से कुचलकर मासूम की मौत, युवती घायल

काशीपुर। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र में सुबह सवेरे अनियंत्रित हाइड्रा की चपेट में आकर बाइक सवार एक मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के घटते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तत्काल मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपी चालक वहां से हाइड्रा छोड़कर फरार हो गया। घटना के वक्त मृतक मासूम अपनी रिश्ते की बुआ के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मार्केट से घर लौट रहा था।



रोड एक्सीडेंट की घटना में मृतक की बुआ को भी गंभीर चोटें आई है जिसे राजकीय चिकित्सालय से उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक बच्चे के शव का पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक गांधी आश्रम कुंडेश्वरी निवासी शुभम थापा का 8 वर्षीय पुत्र तनिष्क आज सुबह लगभग 9:30 बजे रिश्ते की बुआ स्वाति के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से चालक की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर सड़क हादसे थम नहीं रहे हैं। बुधवार सुबह ग्राम सत्यों में एक कार खाई में गिरने से कार चालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार प्रातः लगभग 8 बजे थाना लमगड़ा को सूचना मिली कि ग्राम सत्यों में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गया है। सूचना पर प्रभारी थाना अध्यक्ष लमगड़ा संजय जोशी थाने के पुलिस



बल उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल जीतेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह व देवराज सिंह को साथ लेकर आपदा उपकरणों स्टेचर, रस्सा आदि सहित तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे घटनास्थल पर मौजूद लोगों (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खाना खाने के लिए ढाबे पर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को 108 की मदद



से अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला सिडकुल क्षेत्र का है। मूल रूप से हाफिज गंज नैवा नगला बरेली निवासी 28 वर्षीय दोदराज गंगवार पुत्र झम्मन लाल यहां एक ट्रांसपोर्ट में काम करता था और ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में रह रहा था। मंगलवार रात वह खाना खाने के के लिए सिडकुल ढाल के पास स्थित ढाबे की ओर पैदल जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घायल युवक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा। राहगीरों ने 108 की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## हादसे में बाल बाल बचे पूर्व सीएम हरीश रावत

### अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व सीएम

काशीपुर(उदसंवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की कार देर रात बाजपुर में डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बाल बाल बचे। मामूली चोट लगने के कारण उन्हें उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बुधवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में पहुंचकर पत्रकारों से बातचीत करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



जानकारी के मुताबिक देर रात्रि हल्द्वानी से काशीपुर की ओर आते समय बाजपुर में हरियाणा मिष्ठान भंडार के समक्ष किसी वाहन को बचाने के प्रयास में हरीश रावत की कार सड़क के मध्य डिवाइडर से टकरा गई। तेज धमाके के साथ टकराई कार की आवाज सुनकर तमाम लोगों की मौके पर भीड़ जुट गयी। लोगों ने पूर्व सीएम हरीश रावत को गाड़ी में देखकर तत्काल उन्हें सरकारी अस्पताल ले गये। सूचना पर बाजपुर के तमाम कांग्रेसी नेता भी अस्पताल पहुंच गये। संयोग से पूर्व सीएम हरीश रावत को बड़ी चोट नही थी।दुर्घटना में पूर्व सीएम के साथ साथ वाहन चालक तथा उनके गनर भी बाल बाल बचे। हरीश रावत को प्राथमिक उपचार के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## फैक्ट्री में श्रमिक का हाथ कटने पर हंगामा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित थाई सुमित नील (नील मेटल) कंपनी में काम करने के दौरान मशीन की चपेट में आकर एक श्रमिक का हाथ कट गया। इससे फैक्ट्री के स्थाई और अस्थाई श्रमिक भड़क गये। श्रमिकों ने काम बंद कर फैक्ट्री गेट पर हंगामा काटा और धरने पर बैठ गये। श्रमिकों ने प्रबंधन पर श्रमिकों के उत्पीड़न का भी आरोप लगाया।



जानकारी के मुताबिक सिडकुल स्थित थाई सुमित नील ऑटो कंपनी में रात्रि पाली के दौरान बहादुरगंज बहेड़ी बरेली निवासी देवेश कुमार पुत्र दीनानाथ का हाथ मशीन की चपेट में आकर कट गया। जिससे वहां हड़कम्प मच गया। आनन फानन में श्रमिक को अस्पताल भर्ती कराया गया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर कंपनी के ठेका और स्थाई कर्मी भड़क गये। उन्होंने प्रबंधन के खिलाफ हंगामा करते हुए धरना शुरू कर दिया। श्रमिकों कहा कहना था कि अंट्रेड श्रमिकों को खतरनाक मशीनों पर काम करने के लिए जबरन लगाया जा रहा है जिससे श्रमिकों का जीवन खतरे में है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कंपनी में दुर्घटनायें हो चुकी है। श्रमिकों ने घायल श्रमिक के ईलाज का पूरा खर्च उठाने और मुआवजा देने की मांग की। समाचार लिखने तक प्रबंधन श्रमिकों से वार्ता कर उन्हें शांत करने की कोशिश में जुटा था।

## दशहरा मेले में भीड़ ने तोड़े सारे रिकार्ड

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजयादशमी के मौके पर इस वर्ष गांधी पार्क में रामलीला देखने वालों की अभूतपूर्व भीड़ जुटी। रामलीला मंचन देखने के लिए आये लोगों से जहां गांधी पार्क परिसर पूरी तरह से भर गया था वहीं गाधी पार्क के बाहर भी हजारों की संख्या में लोग रामलीला मंचन देखते नजर आये। लोगों की इतनी सारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गांधी पार्क के चारों ओर लोगों की भीड़ एकत्रित हो जाने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हों गया था। जिसे व्यवस्थित करने में पुलिस कर्मियों को काफी मेहनत करनी पड़ी। लोगों का कहना है कि नगर के कई क्षेत्रों में दशहरा पर्व मनाये जाने के बावजूद गाधीपार्क में ऐतिहासिक भीड़ रही।लोगों ने आयोजन कमेटी की व्यवस्थाओं की भी खूब सराहना की।



## नशे में धुत युवक युवतियों ने सड़क पर काटा हंगामा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विजयदशमी नशे में टल्ली कार सवार युवतियों ने बग्घी को टक्कर मार दी। इस दौरान बग्गी बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत रही किसी को चोट नहीं आई। इस दौरान सड़क पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची टीपीनगर पुलिस ने कार को सीज कर दिया। मेडिकल में शराब पीने की पुष्टि हुई। बताया जा रहा है कि कार में दो युवक और दो युवतियां रुद्रपुर की थी, जिनका चालान काटकर उन्हें छोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रामपुर रोड पर कार पर सवार दो युवतियां और दो युवक हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थें। तभी गन्ना सेंटर के पास कार ने एक बग्घी को टक्कर मार दी। हादसे में बग्घी और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। लोगों ने कार सवार दो युवक और दो युवतियों को रोक दिया। रोकने पर युवतियों ने गाली देना शुरू कर दिया।इसकी सूचना टीपीनगर पुलिस चौकी को दी। टीपीनगर चौकी इंचार्ज ने बताया कि कार को सीज (शेष पृष्ठ सात पर)

## जामा मस्जिद कमेटी के गठन के विरोध में उपजिलाधिकारी को दिया मांग पत्र

सितारगंज(उद संवाददाता)। जामा मस्जिद, ईदगाह, कब्रिस्तान की नवीन कमेटी के अध्यक्ष को लेकर दूसरे पक्ष ने विरोध जताया है दूसरे पक्ष के लोगों ने एसडीएम को मांगपत्र सौंपकर समाज में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है एसडीएम ने मामले में जांच के आदेश दिये है। बुधवार को जामा मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी, सदस्यगण एसडीएम कार्यालय पहुंचे यहां उन्होंने एसडीएम तुषार सैनी को मांगपत्र देकर आरोप लगाया कि जामा मस्जिद की नवीन कमेटी के अध्यक्ष को मनोनीत कर कुछ



लोगों ने समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास किया है उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में जामा मस्जिद, ईदगाह और कब्रिस्तान और धार्मिक संस्थान की कृषि खेती बक्फ बोर्ड में दर्ज है धार्मिक स्थानों की भूमि की सुरक्षा (शेष पृष्ठ सात पर)

## मोबाईल चोरी कर भागता चोर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में कमरे से मोबाईल चोरी कर भाग रहे युवक को गृह स्वामी ने लोगों की मदद से दबोच कर उसे पुलिस के हवाले कर उसके विरूद्ध रपट दर्ज करा दी। दर्ज रपट में सूरज सागर पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम समुहा भानपुर,थाना नवाबगंज,जिला बरेली हाल निवासी राजा कालौनी वार्ड 2 थाना ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 25 अक्टूबर को उसके घर के अन्दर एक व्यक्ति घुस आया और उसके सिराने में रखा उसका मोबाईल लेकर घर से भागने लगा। सूरज ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# विजयादशमी पर कांग्रेसियों ने किया भाजपा के रावण राज का फूंतला दहन




हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विजयदशमी पर विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जो प्रदर्शन कर रावण रूपी भाजपा का पुतला फूंका। इससे पूर्व विजयदशमी के अवसर पर जय सियाराम के नारे के उदघोष संग विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश के नेतृत्व में नैनीताल जिला और हल्द्वानी महानगर कांग्रेस परिवार के सैकड़ों सदस्यों ने बुद्ध पार्क में रावण राज रूपी भाजपा का पुतला दहन कर प्रदेश में व्याप्त रावण राज के अंत संग राम राज के स्थापना का दृढ़ संकल्प लिया।सुमित हृदयेश ने कहा कि प्रभु राम जी के नाम का सहारा लेकर राजनीति करने वाली भाजपा का असली चेहरा अब जनता के बीच आ चुका है। जनता जान चुकी है कि भाजपा ही कलयुग की असली रावण है। जिस प्रकार रावण और उसके 10 सिर बुराई के प्रतीक थे। उसी तरह प्रदेश की भाजपा सरकार भी कई प्रकार से देवभूमि को शर्मसार और देवभूमि वासियों पर अत्याचार करने पर उतारू है।यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले के माध्यम से उत्तराखंड के शिक्षित युवाओं के रोजगार को छीनने का कार्य, अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में भाजपा नेताओ को बचाने का कार्य, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की बात हो चाहे खस्ताहाल सड़को और लचर कानून–शिक्षा व्यवस्था की बात हो, भाजपा द्वारा हर प्रकार से उत्तराखंड वासियों का मानसिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैसिनो कल्चर को बढ़ावा देकर देवभूमि को कलंकित करने का जो कार्य भाजपा द्वारा किया गया वो निहायत ही शर्मनाक कृत्य है। श्री सुमित ने कहा कि केसिनो मामले में पुलिस कुछ भाजपा नेताओं को संरक्षण देकर उन्हें बचाने का कार्य कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने मामले का पूरी तरह से खुलासा नहीं किया तो कांग्रेस व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू कर देगी। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि बुराई पर अच्छाई के प्रतीक विजयदशमी पर्व पर रावण रूपी भाजपा का पुतला दहन कर कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को रावण राज से मुक्ति दिलाने का संकल्प ले लिया है। जसपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई मेल नही। भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए कुछ भी कर सकती है। चाहे देश में अराजकता और अशांति का वातावरण ही क्यों ना पैदा करना पड़ जाये। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला महांमत्री मलय बिष्ट, महेश शर्मा, सुहैल सिद्दीकी, हेमन्त साहू, हेमन्त बगडवाल, ललित जोशी, जया कर्नाटक, मोनिका सती, मीमांशा आर्य, पुष्पा सम्मल, शाइमा सिद्दीकी, कमला तिवारी, विमला सांगुड़ी, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह, हर्षित भट्ट, मोकिन सैफी, नरेश अग्रवाल, सुशील डुंगरकोटी, जगमोहन चिलवाल, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, कुंदन नेगी, जाकिर हुसैन, रवि जोशी, राजेन्द्र जीना, शकील सलमानी, हेमन्त शर्मा, रोहित कुमार, बहादुर बिष्ट, जगमोहन बगडवाल, खीम सिंह चौहान, गोविंद बगडवाल, महेंद्र कुमार, दीप पाठक, प्रदीप नेगी, राजू रावत,बालम बिष्ट, विजय बिष्ट, हरेंद्र क्विरा, हसनैन खतिबि, तस्कीन अहमद, हरीश लाल वैध, गजेंद्र गोनिया, सूरज बिष्ट, त्रिलोक कठायत, संदीप सहगल, सरताज अहमद, हरपाल सिंह, संदीप भैसोड़ा, मनोज श्रीवास्तव, अशोक जोशी, हाजी इस्लामुद्दीन, अबरार सिद्दीकी, अनिल कन्नौजिया, एडवोकेट धर्मवीर, प्रदीप बिष्ट, संजय उप्रेती, संजू पाना, रमेश कुमार, इंदरलाल आर्य, लाल सिंह पवार, संजय जोशी, सुदर्शन परमार आदि शामिल थे।

# विधायक शिव ने मृतक के परिवार को बंधाया ढांढस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा अनिल कोली नाम के युवक की मौत की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा ने परिवार के लोगो से मुलाकात की सारी घटना को समझा और परिवार को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह एक कोई सामान्य घटना नही है और सम्बंधित पुलिस अधिकारी विपुल जोशी जिसके द्वारा जैसे कि मृतक के भाई ने बताया कि भाभी ने मारपीट की यह बेहद शर्मनाक है और इसको लेकर स्थानीय लोगों मे काफी आक्रोश है। प्रदेश में पुष्कर धामी की सरकार है। हम



दिल दहलाने वाली घटना है और इस घटना के बाद पुलिस की कार्यवाही कहीं न कही सन्देह के दायरे में है , वहीं विधायक शिव अरोरा ने सूझ–बूझ दिखाते हुए मामले को आवश्यक बढ़ावा न देते हुए शांत करवाया और शव पोस्टमार्टम हाउस ले जाया गया, लेकिन विधायक ने साफ कहा कि यह घटना इस प्रकार की घटना बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे। विधायक ने अविलंब एसएसपी मंजूनाथ से दूरभाष पर वार्ता कर दरोगा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हेतु कहा। जिसपर दरोगा को लाइन हाजिर करते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही हेतु एसपी सिटी के देख रेख में जांच बैठा दी है , वही विधायक ने परिजनों को समझा बुझा कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिवार को सरकार से हर सम्भव मदद हेतु आश्वस्त किया। साथ ही पुलिस को कड़ी चेतावनी दी कि इस प्रकार की घटना भविष्य में बर्दाश्त नही की जायेगी। विधायक ने कहा रम्पुरा चौकी दलाली ओर अवैध कार्य को संरक्षण के लिये गढ़ बन गयी हैं इसको वह बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे। पूर्व जनप्रतिनिधि के करीबी इससे पहले भी नशे का कारोबार करने वालो के साथ रम्पुरा में एक केस में नामजद रहे हैं और अब फिर एक बार फिर इसमें उनकी भूमिका सन्देह के दायरे में है इसकी हर प्रकार से जांच करवाई जाएगी और जो भी ऐसी नशे के कारोबार ओर दलाली कार्यो में सलिप्त है उन पर भी कार्यवाही होगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा वह रम्परा चौकी को दलाली का अड्डा नही बनने देगे । इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, लालू कोली, महेश कोली, सुदामा कोली, धर्म सिंह कोली, विपिन कोली, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करें : मीना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, और 66 विधानसभा रुद्रपुर से कांग्रेस की तरफ से विधायक का चुनाव लड़ी, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हमारे कण कण में विराजमान हैं, और हम सभी को उनके चित्र के साथ–साथ उनके चरित्र की भी पूजा करनी चाहिए स श्रीमती शर्मा ने कहा कि मर्यादा भगवान पुरुषोत्तम श्री राम ने जात–पात ऊंच नीच और अमीरी गरीबी से उठकर देश के नव निर्माण में अपना सहयोग दिया स जिसको हर भारतीयों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए स इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने शहर की प्रमुख रामलीला बस स्टेशन के पास का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया स इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी और श्रीराम नाटक क्लब के कलाकारों द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया गया स उनका शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया स वही उनके साथ उपस्थित शहर के प्रमुख समाजसेवी बिट्टू छाबड़ा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, आदि का भी शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया स यहां श्रीमती शर्मा ने श्री राम जी की अटूट कृपा बनी है, और आज वह जो भी कुछ है वह श्री राम की वजह से ही है स बाद में श्री रामनाटक क्लब के कलाकारों द्वारा लंका से विभीषण का निष्कासन, प्रभु श्री राम द्वारा रावण के पास अंगद को भेजना, और रावण अंगद



बतौर मुख्य अतिथि सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम के चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए स उन्होंने कहा कि हमको सिर्फ प्रभु श्री राम के चित्र की पूजा नहीं, बल्कि उनके चरित्र से भी सीख कर उनके चरित्र की भी पूजा करनी चाहिए स श्रीमती शर्मा ने कहा कि उनके परिवार पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान संवाद की सुंदर लीला का चित्रण किया गया स इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, श्री राम नाटक क्लब के सरपरस्त मोहन भुड्डी, राजेश छाबड़ा, नरेश शर्मा, संदीप धीर, सुभाष खंडेलवाल, राकेश सुखीजा, हरीश अरोड़ा, प्रेम खुराना, मनोज अरोड़ा, विशाल भुड्डी,नरेश छाबड़ा,आदि उपस्थित थे।

# ग्रुप डांस कंपटीशन में कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिन श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव ट्रांजिट कैंप में विजयदशमी की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक मंच पर देर रात तक ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ व विशिष्ट अतिथि विकास शर्मा ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।डांस प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान शाहिद, द्वितीय स्थान उदित भट्ट तथा तृतीय स्थान नितिन भट्ट ने प्राप्त किया। सीनियर डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सूर्यांश ग्रुप, द्वितीय स्थान रुद्र मानव ग्रुप व तृतीय स्थान क्वीन हॉपर्स ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के जज लक्षिता यादव एवं उमेश थे। सभी अतिथियों का कमेंटी के अध्यक्ष व पूरी टीम ने शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूजा कमेंटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, सचिव महेश राय, उपाध्यक्ष विजय डे, अमन सरकार, किशोर डे, अभिजीत दास, रोहित अधिकारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहा ऑडिटर सचिन मण्डल, सांस्कृतिक प्रभारी नन्द शेखर गाँगुली, शुभम दास, बिट्टू ढाली, राज सरकार, राज चक्रवर्ती, मिडिया प्रभारी मानस बैरागी सुबीर वंदना दास, शंकर विश्वास, विजय साना, रोहित हालदार, आकाश मण्डल, किशोर मिस्त्री, मनोज हीरा, किशोर मिस्त्री, तापस हीरा, परिमल राय, अमित राय आदि लोग उपस्थित रहें।

# सैकड़ों महिलाओं ने सिंदूर खेला संग दी मां को विदाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा ट्रांजिट कैंप स्थित सुभाष पार्क के सारी दुर्गा मंदिर में आयोजित सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव के अंतिम दिवस पर आज प्रातः सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेश भूषा में सुसज्जित होकर मां दुर्गा को विधि विधान से पूजा कर सिंदूर लगाने के बाद आपस में सिंदूर खेला। जिसके पश्चात माली प्रतिमा को अबीर गुलाल उड़ाकर मां के जयघोष करते हुए विसर्जन के लूटे शोभा यात्रा के रूप में ले जाया गया और ग्राम गंगापुर में नदी में विसर्जित किया। इससे पूर्व श्री दुर्गा मंदिर में प्रातः पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने धार्मिक रीति के अनुसार सिंदूर खेला कर आपस में एक दूसरे के चेहरे पर खूब सिंदूर लगाकर मां से मन्नत मांगी। इस दौरान महिलाओं के चेहरों पर भक्तिभाव का विशेष रंग नजर आ रहा था। महिलाओं ने मां दुर्गा को नाच गाकर भजन करते हुए विदा किया। इस दौरान सविता, प्रभा, मीरा, गुंजन, नंदिता, शीला, पार्वती, प्रतिमा, कालीदेवी, अर्चिता, पदमा, विमला, सुशीला, रचना, ममता, आशा, सपना, अनीता, नीलम, उज्ज्वला, दीपिका, भगवती, शंकरी सहित सैकड़ों महिलाए मौजूद थीं।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दुर्गा महोत्सव में पारम्परिक नृत्य ने मोहा मन

## सिंदूर खेला व प्रतिमा विसर्जन के साथ महोत्सव सम्पन्न



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्र नगर में श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी द्वारा आयोजित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव का आज महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में आयोजन स्थल पर किया गया सिंदूर खेला तथा उसके पश्चात विधि विधान से प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन किया गया। इससे पूर्व गत रात्रि दशरथ कला केंद्र, खानपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ प्रस्तुत नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी रमेश कालड़ा व उनकी धर्मपत्नी वर्षा कालड़ा को आयोजन कमेटी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आज प्रात: महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाने के बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात मां की प्रतिमा को बैंड बाजे के साथ अबीर गुलाल उड़ाकर शोभा यात्रा के रूप में ले जाकर विसर्जित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मानस सरकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, उपाध्यक्ष संजय घोष, महेंद्र पाल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष गोपाल सरकार, सचिव शंकर मलिक, सह कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, उपसचिव महेश मंडल, अर्जुन विश्वास, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा काकू, एसपी सरकार, सुकुमार वेद, हीरा मंडल, विवेक हाल्दार, सदानंद मंडल, जयप्रकाश, गोपाल शाह, श्रीमती शांति मंडल, श्रीमती विन्दे सरकार, श्रीमती चंदना हालदार, सुशांत सरकार, कमलेश साना, सुकांत विश्वास, तारक अधिकारी, नारायण डे, प्रशांत मंडल, रंजीत राय, रामा जोरदार, रवि सरकार, राजेश मंडल, अशोक साहा, प्रकाश अधिकारी कमलेश सरकार, महादेव वाला, कृष्ण जोरदार, विश्वदेव वाला, कृष्णा जोद्दार, विश्वदेव बाला, तापस सरकार, सरजीत मंडल, संजय हालदार, विश्वजीत विश्वास, अमन चौहान, अंजलि, उर्मिला, कंचन, ज्योति, काजल, रेखा, मीना, पार्वती, शकुंतला, राखी, रंजना, यशोधरा, लक्ष्मी, वर्षा, मंजू, गायत्री, सरस्वती, रीता आदि उपस्थित रहे।





# सेपक टकरा टीम को किया गोवा रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की सेपक टकरा टीम को खेल निदेशालय देहरादून और उधम सिंह नगर खेल कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर समाप्ति के उपरांत 37 वे राष्ट्रीय खेलो, गोवा में प्रतिभाग करने के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएनए नरेश दुर्गापाल नगर आयुक्त, डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं जेबी सिंह सोसाइटी के सदस्य मुकेश वशिष्ठ ने राष्ट्रीय खेलो में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियो को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि नरेश दुर्गापाल ने खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जो खिलाडी पदक लेकर लौटेंगे उनका स्वागत समारोह उनके द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों के लिए अनेकों घोषणा की। इस अवसर पर उत्तराखंड टीम के सदस्य लोकेश शाह, गौरव बिनवाल, मंगल सिंह नेगी, आशीष बिष्ट, तेजस्वी कुमार, जतिन बसेरा, प्रशिक्षक अंकुश रौतेला, कुमारी प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी, गौरव जोशी उपस्थित थे। सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि टीम लगातार तीन महीने से अभ्यास कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की उत्तराखंड की टीम निश्चय ही 37 वे राष्ट्रीय खेल में पदक हासिल करके वापस लौटेंगी। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ नागेंद्र शर्मा, सुभाष अरोड़ा, राजेश कुमार, पंकज जोशी , लोकेश पांडेय सहित अनेक खेल संगठनों के लोगों ने उत्तराखंड टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।



# तनिष्क पंजाबी करवाचौथ उत्सव 27 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी वूमेन क्लब द्वारा आगामी 27 अक्टूबर को रामपुर रोड स्थित शकुंतलम् बैंक्विट हॉल में करवाचौथ उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से हो रही है। जानकारी देते क्लब की अध्यक्ष रश्मि राजपाल ने बताया कि लिम्का बुक आफ रिकार्ड्स में नाम दर्ज करा चुकी सिंगर सागरिका देब कार्यक्रम में धमाल माचाएंगी। संस्था महामंत्री पूनम क्वात्रा व सरिता नरूला ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिसमेंप्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल द्वारा करवाचौथ क्वीन भी चुनी जाएगी। मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और मॉम एंड किड्स रैंप वॉक का आयोजन भी किया जा रहा है । मंच पर विभिन्न डांस एकेडमीयों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाएंगे। तनिष्क ग्रुप की चेयरपर्सन नेहा पाल ने बताया कि संस्था हल्द्वानी में समय समय पर भव्य आयोजन करती रहती है और इस साल का भी करवाचौथ मेला धूमधाम से मनाया जाएगा । प्रेस वार्ता में नीतू साहनी, अर्चना गुलाटी, नीलिमा सडाना, रीना मानसेरा, कनिका वासुदेव, पूजा बग्गा, आदि उपस्थित रही।



# हर्षोल्लास के साथ फ्रेशर पार्टी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रुद्रपुर में खिलखिलाते चहरे और बेहतरीन भविष्य की कामनाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ डी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम मनाया। कॉलेज ऑफ फार्मेसी में स्वागत समारोह जिसका विषय फ्लेजिंग फीएस्टा रखा गया । इसका अर्थ स्वागत तथा नई शुरुआत है। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ . विजय सिंह, सीएओ अनुभव बाठला के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई द्य इस कार्यक्रम का संचालन रवीना मलिक, दिनेश कानन बहुत ही बखूबी के साथ निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ आंचल सिकदार ने सरस्वती वंदना कर की उसके उपरांत छात्राओं ने प्रतियोगिता कराया गया। उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, गेम्स, टैलेंट राउंड आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर,कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रधनाचार्य ललित सिंह बिष्ट, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक- शिक्षकाओ ने बधाई दी।



# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई धर्मेन्द्र कुमार, हे.कानि. सुभाष चन्द्र के साथ गश्त करते मछली मार्केट से आजाद नगर की तरफ जा रहे थे । मार्ग में मुखबिर से सूचना मिलने वह एक खेत मे पहुंचे जहां एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम विवेक गंगवार पुत्र छत्रपाल गंगवार निवासी आजाद नगर थाना ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से जरीकेन में भरी दस लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर विवेक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED
COMPONENT FABRICATION PLANT,
RUDRAPUR

ADVERTISEMENT No. CFP/HR/ 01/ 2023

**Date:**23.10.2023

BHEL Rudrapur invites applications from candidates possessing the following qualifications to engage them as **PART TIME MEDICAL CONSULTANT (PTMC)** for a period of 1 year.

| SL. No. | No. of Vacancy | MINIMUM QUALIFICATION & EXPERIENCE REQUIRED | Approx. Working days in a month | Upper Age Limit (As on 01.10.2023) | Approximate Monthly Emoluments |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | One* | MBBS with one-year Exp. | 26 | 70 Years | Rs. 59,000/- |
| 2 | One* | MBBS with one-year Exp. | 12 | 70 Years | Rs. 39,600/- |

***Only one post of PTMC, either Sl. No. 1 or 2 will be filled by BHEL as per requirement.**

The term of a PTMC will be one year at the time of initial appointment. Subsequent renewal(s) of term can be extended for a maximum period of three years at a time, at the discretion of the management.

**Walk in Interview will be conducted on 01 to 03 Nov'23 from 09:00 AM to 05:00 PM.**

**Venue:** Conference Room, BHEL CFP Rudrapur, Kichha Bypass Road, Rudrapur – 263153.

For details Refer www.careers.bhel.in. Any changes/ corrections will only be updated on www.careers.bhel.in. Any separate communication will not be sent.

# छम छम नाचे..देखो वीर हनुमाना

## दर्पण परिवार ने भजन कीर्तन के साथ प्रभु श्री राम जी की सेना का किया जोरदार स्वागत





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हर वर्ष की भांति इस बार भी उत्तरांचल दर्पण कैम्पस में दर्पण परिवार की ओर से श्री राम की सेना का भजन कीर्तन के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान भजनों पर सभी लोग झूमने को मजबूर हो गये। मंगलवार शाम गांधी पार्क में रावण वध और रावण परिवार के पुतलों के दहन के पश्चात प्रभु श्री राम की सेना श्याम टाकीज रोड पर उत्तरांचल दर्पण कैम्पस में पहुंची। यहां पर श्री राम की सेना के स्वागत के लिए जोरदार तैयारियां की गयी थी। बता दें श्री राम की सेना का हर वर्ष उत्तरांचल दर्पण कार्यालय में जोरदार स्वागत किया जाता है। यह परम्परा उत्तरांचल दर्पण के संस्थापक स्व.श्री हरनाम दास सुखीजा ने शुरू की थी। जिसे उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा सुखीजा ने आज भी बरकरार रखा है। मंगलवार शाम दर्पण कैम्पस में पहुंची श्री राम सेना का जय श्री राम के जयकारों के बीच पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। राम सेना के स्वागत में भजन कीर्तन का भी आयोजन कियाग या। इस दौरान छम छम नाचे देखे वीर हनुमाना..,आज अयोध्या में राम जश्न होता है,मैने नचना श्याम दे नाल.., आदि भजनों पर सभी झूमने को मजबूर हो गये। प्रभु श्री राम की आरती के बाद भोग लगाकर प्रसाद भी वितरित किया गया। प्रभु श्री राम ने अपने पूरे परिवार के साथ उत्तरांचल दर्पण कैम्पस का भ्रमण किया और सुखीजा परिवार को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा,कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल,पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा,अनिल शर्मा, किशोर अरोरा, विजय जग्गा,सुरेंद्र तनेजा, बलबीर सुखीजा,राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, सुभाष खंडेलवाल, महावीर आजाद,अमित चावला,आशीष मिड्ढा, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द,गौरव तनेजा,पंकज सुखीजा, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, सौरभ राज बेहड़,ज्योति सुखीजा, विकास सुखीजा, राजकुमार कक्कड़, देवीदयाल अनेजा, राधाा अनेजा, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा, अजय चड्ढा, चिराग कालड़ा, महेश गर्ग, संजीव कामरा,रीना सुखीजा, कपिश सुखीजा, मोहित सुखीजा,शांभवी सुखीजा, शिवांश सुखीजा,गीता बत्रा, सुनीता कक्कड़,हेमा पाण्डे, रीया, बीना, कमलेश गुम्बर, राजीव आहुजा, प्रणब आहुजा, राकेश गुम्बर, अक्षय गुम्बर, शुभम गुम्बर, अनीता घई, सुनीता रानी, कृष्णा तनेजा, मनीष पाहवा, अशोक घई, महेंद्र गाबा,विशाल भुड्डी, आशु ग्रोवर प्रेम पुराना,हरीश सुखीजा, आशीष छाबड़ा,बाबू कालड़ा, रामकृष्ण कनौजिया,गोगी नरूला, कक्कू शर्मा, गोला इदरीस, कान्हा पांडे, गुरूशरण बब्बर आदि तमाम लोग थे।







## रावण दहन के बाद दर्पण कैम्पस पहुंची श्री राम सेना,भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

# विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी श्री रामलीला एवं शिव मंदिर रामलीला कमेटी के तत्वाधान में मंचन के दौरान श्रीराम व रावण की सेना मुख्य बाजार से युद्ध करते हुए अनाज मंडी श्रीरामलीला के कलाकार युद्ध करते इंटर कालेज मैदान एवं श्री शिव मंदिर श्रीरामलीला के कलाकार युद्ध करते हुए शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। आवास विकास शिव पार्वती रामलीला कमेटी द्वारा अनाज मंडी मुख्य बाजार से होते हुए आवास विकास रामलीला प्रांगण में पहुंचे। सोमवार रात्रि को रामलीला के अंतिम दिन तीनों रामलीलाओं के राम व रावण की सेना के बीच युद्ध हुआ। मंगलवार को मुख्य बाजार में राम–रावण युद्ध को देखने के लिए सड़कों व छतों पर लोगो का सैलाब उमड़ रहा। मुख्य बाजार में कभी राम की सेना रावण की सेना पर भारी पड़ रही थी कभी रावण की सेना राम की सेना पर भारी पड़ रही थी।अंत में राम ने रावण की नाभि में तीर मारा रावण युद्ध के बाद श्रीराम के आदेश पर लक्ष्मण को रावण से नीति शास्त्र के बारे में ज्ञान लेने को कहा। रावण ने लक्ष्मण को नीति शास्त्र का ज्ञान दिया। अन्त में श्रीराम व लक्ष्मण ने रावण की मुक्ति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्ष अनिल गुम्बर, एडवोकट राजेंद्र बेहड़, पंकज सेतिया, सुनील जैन, राम अवतार गुप्ता, रविन्द्र चावला, मुकेश चावला, परवीन भगत, नवीन सुखीजा, शिन्टू चावला, रोहित सुदामा आदि मौजूद थे। उधर अनाज मण्ड़ी रामलीला के तत्वाधान में राजकीय इण्टर कालेज में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया, रावण के पुतला जलाने से पहले राम–रावण युद्ध हुआ, जिसमें राम की सेना भारी पड़ी, राम के एक वाण ने रावण की नाभी का अमृत सुखा दिया और रावण का अंत हो गया, इस मौके पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, अशोक धीर, सोमनाथ छाबड़ा, अजय खेड़ा, कृष्णलाल अनेजा, अंकित खेड़ा वेदराज बजाज, विनोद भुसरी, राजकुमार भुड्डी, लेखराज नागपाल, विजय छाबड़ा, कृष्ण लाल बत्रा, इंद्रजीत डाबर, टीकम खेड़ा, कृष्णलाल सुधा, सुभाष खुराना प्रमोद बजाज, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं आवास विकास में हो रही श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी द्वारा रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतले जलाये गये। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, महामंत्री रमन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जुगनू डंग, विकास तनेजा, संजीव झाम,राकेश भुडडी, मनीष सेतिया, रूपेश वाधवा,हरीश रलहन,अंकित खेड़ा, दीपक बेहड़,रवि सचदेवा,सोमनाथ ग्रोवर,हिमांशु सुखीजा, नीरज गुंबर, मोहित अरोड़ा, साहिल गाबा आदि मौजूद थे।




## रामलीला मंचन में सहयोग करने पर जताया आभार

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री रामलीला अनाज मंडी के समापन पर महामंत्री अशोक धीर ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होनें कहा कि आगे भी आशा कि इसी तरह हमारा सहयोग करते रहेंगे उन्होंने कहा कि संरक्षक मण्डल एवं कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कंधे से कंधा मिलाकर इस महायज्ञ में पूर्ण सहयोग किया।श्री रामनाटय कला परिषद के डायरेक्टर अध्यक्ष एवं समस्त कलाकारों की जितनी भी तारीफ की जाय कम है जिन्होंने लगातार एक माह की कड़ी मेहनत करके हर एक किरदार को मंच पर जीवंत किया।हमारे सुरक्षा कमांडो श्री महावीर दल जिसने हमेशा चौकस रहते हुए सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी खूब अच्छे से निभाई महावीर दल अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों का भी आभार।साथ ही अशोक धीर ने पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया।



# दशहरा मेले में उमड़ा जनसैलाब

## रूद्रपुर में आतिशबाजी के साथ रावण,कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजयादशमी के पर्व पर गत दिवस गांधी मैदान में रामलीला मंचन के दौरान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम ने लम्बे युद्ध के बाद लंकापति रावण की नाभि में तीर मारकर उसकी अंत कर दिया। जिसके पश्चात धार्मिक अनुष्ठान कर रावण, कुम्भकरण तथा मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। इस मौके पर अनेक गणमान्य अतिथियों के साथ हजारों की संख्या में मौजूद लोगो ने रामलीला का आनंद उठाया। पुतलों से आतिशबाजी के धमाको की आवाज से लोग काफी रोमांचित हुए। इससे पूर्व मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की वानर सेना लक्ष्मी नारायण मंदिर से लंकापति रावण की सेना से युद्ध करती हुई नगर के मुख्श्य मार्गों से होते हुए गांधी पार्क पहुंची। दोनों सेनाओं के युद्ध करते हुए गाधी पार्क में प्रवेश करते ही वहां मौजूद हजारों लोग अपने स्थान पर खड़े हो गये और जय श्री राम के जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। जिसके बाद दोनों सेनाओं के बीच चले युद्ध की लीला को देखकर दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इस युद्ध को तमाम देवी देवता और गंधर्व भी टकटकी लगाये देखते रहे। काफी देर तक चले युद्ध के बाद भी जब लंकापति रावण का अंत नहीं हुआ तो विभीषण ने श्री राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत मौजूद है। जब तक नाभि के अमृत को नष्ट नहीं किया जायेगा रावण का अंत नहीं हो सकता है। विभीषण की बात सुनकर श्री राम ने देवी देवताओं का स्मरण कर रावण की नाभि में अग्नि वाण छोड़ा। वाण लगते ही रावण युद्ध मैदान में छटपटाकर गिर





पड़ा। जिसके बाद श्री राम ने लक्ष्मण को मरणासन्न रावण से ज्ञान लेने को कहा। लक्ष्मण रावण के सिर के पास खड़े हो गये लेकिन रावण खामोश रहे। लक्ष्मण ने श्री राम को आकर बताया तो श्री राम ने कहा कि ज्ञान चरणों के पास खड़े होकर लिया जाता है न कि सिर के पास। जिस पर लक्ष्मण ने रावण के पैरों के पास खड़े होकर ज्ञान प्राप्त किया। रावण की मौत होते ही गांधी मैदान में जय श्री राम का शोर गूंजने लगा। तत्पश्चात रावण, कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतलों को का दहन किया गया। इस मौके पर रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, किच्छा विधायक व रामलीला कमेटी के संरक्षक तिलक राज बेहड़, मेयर रामपाल सिंह, गुरमीत सिंह,विजय भूषण गर्ग, सोनू अनेजा,भारत भूषण चुघ, एसएसपी मंजूनाथ टीसी आदि ने सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, विजय विरमानी, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर,नरेश शर्मा, संचालक विजय जग्गा, संजय ठुकराल, राजकुमार परूथी, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, आदि मौजूद थे।

# अयोध्या लौटे प्रभु श्री राम का हुआ राज्याभिषेक

रूद्रपुर( उद संवाददाता)।मुख्य रामलीला में विगत रात्रि विभीषण को लंका राज्याभिषेक, हनुमान का अयोध्या पहुंचकर भरत को राम जी के आगमन की सूचना देना, राम का राजतिलक, राम राज्याभिषेक के बाद बजरंग बली और समस्त अयोध्या वासियों के साथ झूम-झूम कर जष्न मनाने, आतिषबाजी किये जानें तक की लीला का मंचन कर इस वर्ष की लीला को विराम दिया गया। इसके बाद श्रीराम लीला कमेटी नें इस रामकार्य में सहयोग देनें वाले समस्त लोगो को पुरूस्कार वितरित कर धन्यवाद अर्पित किया। इससे पूर्व आज दीप प्रज्जवलन समाजसेवी पवन अग्रवाल नें किया। श्री गणेश वंदना, राम वंदना व हनुमान चालीसा के बाद लीला के प्रथम दृश्य में राम द्वारा विभीषण के साथ लक्ष्मण, हनुमान व अंगद को लंका नगरी भेजकर उन्हें लंका का राजा नियुक्त किया जाता है। इसके बाद रामदल अयोध्या की ओर रवाना होता है। बजरंग बली हनुमान भरत को राम आगमन की सूचना देते हैं। भरत दौड़कर राम की आगवानी करते है। कुशलक्षेम पूछनें के बाद



भरत राम से अयोध्या का राजपाट संभालनें की प्रार्थना करते है। राम का राज्याभिषेक होते ही दुदुभिंया बज उठती है। पूरी अयोध्या में आतिषबाजी होनें लगती है। बजरंग बली हनुमान रामभजन गाते हुये झूम उठते हैं। उनके साथ ही अयोध्यावासियों के रूप में कमेटी सदस्य, नाटक क्लब सदस्य व आम जनता भी झूम-झूम कर खुशियां मनाने लगती है। हर तरफ हर्ष का माहौल बन जाता है। प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की आरती व मिष्ठान वितरण कर इस वर्ष की लीला को विराम दे दिया जाता है। लीला को विराम देनें के बाद श्रीराम लीला कमेटी द्वारा श्रीरामनाटक क्लब, श्री सनातन धर्म युवा मंच, साजसज्जा, टैंट व्यवस्था, माईक व्यवस्था सहित इस व्यवस्था में सहयोग देनें वाले प्रत्येक जन का सम्मान करते हुये प्रमाण पत्र तथा पुरूस्कार दिया जाता है। कमेटी अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया ।आज गणेष भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, रामजी की भूमिका में मनोज अरोरा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, सीताजी की भूमिका में गौरव जग्गा, हनुमान की भूमिका में सुषील गाबा, विभीषण की भूमिका में सचिन आनन्द, सुग्रीव- विषाल अनेजा, अंगद- षौर्य अरोरा, भरत की भूमिका में पुलकित बांबा एवं षत्रुघन की भूमिका में सौरभ राज बेहड़ नें षानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन विजय जग्गा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, अमित चावला आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रवि बठला, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़,पवन गाबा पल्ली, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, गुरशरण बब्बर शरणी, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, षिवांष कोहली, शौर्य अरोरा, आयुश धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरूराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा सहित समस्त श्रीराम लीला कमेटी एवं श्री रामनाटक क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# एलायंस सहित कई स्थानों पर किया गया रावण दहन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। बुराई पर अच्छाई पर जीत के प्रतीक विजयदशमी पर्व पर विधायक शिव अरोरा रावण दहन कार्यक्रम में शहर के कई स्थानों पर शामिल हुए, विधायक शिव अरोरा ने कहा रावण पर प्रभु श्रीराम की जीत जिसको युगों युगों से हर वर्ष करोड़ो भारतवासी विजयदशमी पर्व के रूप में मानते आ रहे हैं , उन्होंने कहा बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व को हम पूर्ण निष्ठा से मानते हैं लेकिन हम विजयदशमी पर्व पर यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज मे छुपी हर प्रकार की बुराई को भी समाप्त करने की जरूरत है, वही विधायक शिव अरोरा ने विजयदशमी के अवसर पर भूतबंग्ला , एलियंस सोसायटी, ओमेक्स व गांधी





पार्क में शामिल हुए । विधायक शिव अरोरा ने कहा दशहरा का यह पर्व नई उमंग उत्साह और हमारी संस्कृति की ताकत और विजयदशमी के इस पर्व की सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी और कहा इस बार दीपावली पर नजूल पर बैठी जनता को उनके मालिकाना हक का तोफा मिलने वाला है यह हम सभी के लिये गौरव का पल होगा जिसकी प्रकिया बस्ती बस्ती चल रही है। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, उपनेंद्र चौधरी, केवल कृष्ण बत्रा,किरण विर्क, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, विकास सागर, सुनील सागर, डंम्पी चोपड़ा, पिंटू पाल, संतोष पाल, आदि मौजूद रहे।

# रावण का हुआ वध,श्री राम का हुआ राजतिलक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा श्री रामलीला मंचन के अंतिम दिन विजय दशमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम के साथ रामलीला ग्राउंड के बाहर मंच पर मनाया गया , मंचन का शुभारंभ उद्योगपति एवं ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र तुलस्यान एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, नगर अध्यक्ष सी पी शर्मा, योगेश चौहान भी उपस्थित थे। श्री रामलीला मंचन में राम रावण का युद्ध हुआ प्रभु श्री राम द्वारा रावण का वध किया गया और रावण द्वारा लक्ष्मण को शिक्षा दी गई की कभी भी चापलूसों की बातों में नहीं आना, पराई स्त्री पर कुदृष्टि नहीं डालना और अपने जीवन का राज किसी को नहीं बताना, उपरांत प्रभु श्री राम जी का राजतिलक किया गया, कृष्ण भक्त अशोक नारंग द्वारा प्रभु श्री राम जी की आरती की गई एवं समाजसेवी हरीश गुंबर एवं सुरेश राजदेव द्वारा सभी राम भक्तों को प्रशाद वितरित किया गया। विशेष भूमिकाओं में रावण नरेश घई, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण भारत हुड़िया, हनुमान सनी कक्कड़, विभीषण विशाल गुंबर,सुग्रीव पुष्कर नागपाल, भरत आदित्य कुमार, शत्रुघ्न चिराग जुनेजा द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया, उनको यादगार स्वरूप स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, राजकुमार परुथी, सुखीजा,राजू खुराना,सुरेश राजदेव, हरीश गुंबर,नरेश शर्मा, सोनू गगनेजा सूरज प्रकाश,रमेश गुलाटी, जीवन घई,अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई,निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी,सनी घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव विजय परुथी, भारत हुड़िया,प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा,नैतिक तनेजा,मनीष अग्रवाल, अरुण अरोरा, सनी अरोरा ,राजीव झाम,हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा, राकेश तनेजा,गौरव गांधी ,विशाल गुंबर,प्रवीण बत्रा,अक्षित छाबड़ा, गर्व गुलाटी,राजीव भसीन, अनमोल घई, अरुण अरोरा, पुष्कर नागपाल,राजदीप बठला,बंटी मुंजाल, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, आदि उपस्थित थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एलएसी के हालात

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी के पास के हालात पर अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की रपट ने एक बार फिर दुनिया के सामने चीन के चेहरे से पर्दा हटाया है। कहने को आए दिन चीन भी दूसरे देशों की संप्रभुता का खयाल रखने की बात करता रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि जमीन पर उसकी गतिविधियां उसके भीतर मौजूद विस्तारवाद की भूख को ही दर्शाती हैं। भारत अक्सर यह आरोप लगाता आया है कि एलएसी पर चीन अवांछित गतिविधियों के जरिए अपने पांव फैलाने की कोशिश कर रहा है। सवाल उठाने पर चीन अपनी हरकतों को गलत और सीमा पर अतिक्रमण की बात मानने से इनकार करता रहा है। अतीत में चीन का जैसा रुख दुनिया के सामने रहा। उसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में खासतौर पर भारतीय सीमा के पास कई स्तर के निर्माण कार्यों से लेकर उसकी सैन्य गतिविधियां यह बताने के लिए काफी हैं कि वह भारत के प्रति क्या मंशा रखता है। अब पेंटागन की रपट के जरिए जो बातें सार्वजनिक हुई हैं, उससे भारत के आरोपों की ही पुष्टि होती है और यह समझने में मदद मिलती है कि चीन अपने पड़ोसी देशों के प्रति वास्तव में क्या रुख रखता है। गौरतलब है कि पेंटागन की 'मिलिट्री एंड सिक्योरिटी डेवलपमेंट्स इन्वाल्विंग द पीपल्स रिपब्लिक आफ चाइना रिपोर्ट, 2023' के अनुसार, मई 2020 के बाद भारत और चीन की सीमा पर तनाव बढ़ा और इस दौरान दोनों पक्ष टकराव और समाधान के जद्दोजहद से जूझ रहे थे। दूसरी ओर, इस विवाद के बीच ही 2022 में चीन ने सुरक्षा बलों की तैनाती में इजाफा कर दिया था और कई स्तर पर बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी रखा था। इसमें डोकलाम के नजदीक भूमिगत भंडारण केंद्र, पैंगोंग झील पर दूसरा पुल, सड़कें, गांव और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास एक दोहरे उद्देश्य वाले हवाई अड्डा और अनेक हेलीपैड का निर्माण भी शामिल है। रपट में यह भी दावा किया गया है कि चीन के पास फिलहाल पांच सौ परमाणु हथियार हैं और वह इनके भंडार में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, 2030 तक चीन के पास एक हजार से ज्यादा परमाणु हथियार हो जाएंगे। पेंटागन की इस रपट से यह समझा जा सकता है कि दुनिया के सामने दिखने वाले चेहरे के बरक्स चीन कथनी और करनी के स्तर पर क्या चरित्र रखता है। यह सही है कि भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर कुछ धुंधलके बताए जाते रहे हैं और यही वजह है कि दोनों देशों के बीच विवाद कई बार तीखा स्वरूप ले लेता है। क्या यह कोई ऐसी वजह हो सकती है कि कोई देश अपने पड़ोसी की सीमा में अवैध तरीके से घुसपैठ करे या उस पर कब्जा जमाने का प्रयास करे? स्वाभाविक ही भारत चीन की अवांछित हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देता है और इसका मकसद सिर्फ अपनी संप्रभुता का ही सम्मान करना है। गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों में आमने-सामने की भिड़ंत बीते चार दशकों में एलएसी पर पहली घातक लड़ाई थी। उसके बाद से दोनों पक्षों के बीच सैन्य और राजनयिक स्तर पर कई दौर की बातचीत हो चुकी है। इसके नतीजे में भारत और चीन ने कुछ बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी भी की है। भारत अपने पक्ष की स्पष्टता के साथ जब दबाव बनाता है तब सीमा पर तनाव कम करने के लिए चीन बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर सहमति जताता है। जबकि एलएसी पर चीन की गतिविधियां उसका असली चेहरा सामने कर देती हैं। पेंटागन की रपट ने चीन के इसी रवैये को उजागर किया है।

# कैडेट्स को दी जल साक्षरता एवं गुणवत्ता की जानकारी


किच्छा(उद संवाददाता)। प्रोग्रेसिव स्कूल में 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रहे 1 यू०के एयर एनसीसी पंतनगर के वार्षिक शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्य वक्ता उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी, पंतनगर के वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन नें कैडेट्स को जल साक्षरता एवं गुणवत्ता की जानकारी दी तथा जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। डॉ. मणिन्द्र मोहन ने देश में पेयजल की घटती गुणवत्ता में गिरावट के लिए मानवीय हस्तक्षेप को मुख्य कारक बताया। उन्होंने जल की सुरक्षा एवं गुणवत्ता को बेहतर बनाये रखने के लिए आमजन की सहभागिता को जरूरी बताया। आगे बताया कि शुद्ध जल स्वस्थ जीवन का आधार है और मानव में 86 प्रतिशत से अधिक बीमारियां दूषित जल के सेवन से होती हैं। इससे पूर्व शिविर में कैडेटों के मध्य रंगोली प्रतियोगीता का आयोजन किया गया जिसमें एवर ग्रीन स्कूल की टीम प्रथम एवं व्हाइटहॉल स्कूल की टीम द्वितीय रही। रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती हर्षला पंवार रहीं। एयर विंग वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन बतौर मुख्य वक्ता उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी, पंतनगर के वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन नें कैडेट्स को जल साक्षरता एवं गुणवत्ता की जानकारी देते हुए जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी देते हुए कहा कि देश में पेयजल की घटती गुणवत्ता में गिरावट के लिए मानवीय हस्तक्षेप को मुख्य कारक है। उन्होंने जल की सुरक्षा एवं गुणवत्ता को बेहतर बनाये रखने के लिए आमजन की सहभागिता को जरूरी बताया। आगे बताया कि शुद्ध जल स्वस्थ जीवन का आधार है और मानव में 86 प्रतिशत से अधिक बीमारियां दूषित जल के सेवन से होती हैं। मुख्य जलजनित बीमारियों जैसे हेपेटाइटिस ए व ई, टायफायड, डायरिया, पेचिश इत्यादि से बचाव के लिए शुद्ध जल के सेवन को बहुत जरुरी बताया। डॉ. मणिन्द्र मोहन नें तराई के जल स्रोतों की वर्तमान गुणवत्ता स्थिति पर व्याख्यान दिया और पेयजल में सूक्ष्मजीवी जीवाणुओं व विषाणुओं के संक्रमण को स्वास्थ्य के लिए घातक बताया। अत्यधिक भूजल दोहन पर रोक के साथ प्रभावी तरीके से जल संचयन को जरूरी बताया। यहाँ विंग कमांडर निशांत पवार, शिविर कमांडर अमित कुमार, सैन्य सहायक अजित कुमार, एनसीसी ऑफिसर नरेन्द्र रौतेला, सतीश चन्द्र भट्ट, एस डी पाठक, भगवंत सिंह, चंदन मिश्रा सहित 500 कैडेट्स नें प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर निशांत पवार, डिप्टी कैम्प कमांडेंट फ्लाइट लेफ्टिनेंट अमित कुमार, सैन्य सहायक वारंट ऑफिसर अजित कुमार, एनसीसी ऑफिसर नरेन्द्र रौतेला, डॉ सुरेश भट्ट, एस डी पाठक, भगवंत सिंह, सार्जेंट चंदन मिश्रा उपस्थित रहे।





# जागरण में मां भगवती का किया गुणगान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम सभा फुलसुंगा की नंद विहार कॉलोनी में दिनेश यादव के निवास पर मां भगवती के जागरण में पहुंचकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने माता टेका एवं माता का जागरण में भजन गायकों ने पूरी रात भजनों से मां भगवती का गुणगान कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है। धार्मिक आयोजन आपसी सदभाव बढ़ाने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। श्री ठुकराल ने कहा आज पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर युवा पीढ़ी भारतीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आज युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजना से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों से आसुरी शक्तियों का भी नाश होता है। इस अवसर पर आयोजकों कमेटी ने पूर्व विधायक ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर समाजसेवी गगन ग्रोवर बंटी कोली व यादव परिवार आदि भक्त जन मौजूद थे।



# धारचूला में आदि कैलाश यात्रियों का वाहन गहरी खाई में गिरने से सात लोगों की मौत

पिथौरागढ़ ।धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग पर गर्बाधार के समीप आदि कैलाश यात्रियों को ला रही यात्री जीप 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई जिसमें सभी यात्रियों की मौत हो गई है। जीप में चालक सहित छह यात्री सवार थे। इनमें चार बेंगलुरू के बताए जा रहे हैं। दुर्घटनास्थल के बेहद खतरनाक होने और भारी बारिश के चलते यात्रियों को रेस्क्यू नहीं किया जा सका।मिली जानकारी के अनुसार आदि कैलाश यात्रियों को लेकर धारचूला की ओर लौट रही जीप मंगलवार को करीब ढाई बजे गर्बाधार के पास 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। सूचना पर धारचूला, पांगला थानों से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हुई। इसी दौरान क्षेत्र में बारिश होने से पहाड़ी से पत्थर गिरने लगे। इसके चलते जवान रेस्क्यू के लिए खाई में नहीं उतर सके। अब बुधवार सुबह रेस्क्यू अभियान चलेगा। दुर्घटनाग्रस्त जीप में जिन लोगों के सवार होने की बात कही जा रही है उनके नामों की सूची पुलिस को आईटीबीपी से मिली है। इस सूची के अनुसार जीप में बैंगलुरू निवासी आदि कैलाश यात्री सत्यवर्धा परीधा, नीलापा आनंद, मनीष मिश्रा और प्रज्ञा वारसम्या सवार थे जबकि जीप में सवार हिमांशु कुमार और वीरेंद्र कुमार स्थानीय हैं। धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग पर जीप दुर्घटनाग्रस्त हुई है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम भेजी गई थी लेकिन बारिश और अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू कार्य नहीं हो सका। पहाड़ी से पत्थर गिरने से भी बाधा पहुंची। आईटीबीपी से मिली सूची के अनुसार जीप में छह लोग बताए जा रहे हैं। एसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि शवों को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम को सुबह रवाना किया जायेगा। गौरतलब है कि 20 दिन के भीतर यह दूसरी दुर्घटना है। धारचूला-गुंजी मोटर मार्ग पर पिछले 20 दिन के भीतर यह दूसरी दुर्घटना है। आठ अक्तूबर को थकती झरने के बाद पूरी पहाड़ी जीप पर गिर गई थी। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी। अब 24 अक्तूबर को एक जीप खाई में गिर गई।



# जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष का हज कमेटी चेयरमैन ने किया स्वागत

सितारगंज(उद संवाददाता)। जामा मस्जिद कब्रिस्तान और ईदगाह का कमेटी के नव मनोनीत अध्यक्ष सरफराज अंसारी अन्य पदाधिकारी के साथ राज्य हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद के आवास पर पहुंचे। यहां अध्यक्ष खतीब अहमद ने सरफराज अंसारी और अन्य पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थानों में जरूरत मंद सभी विकास कार्य कराए जायेंगे। नव मनोनीत अध्यक्ष सरफराज अंसारी ने कहा कि ईदगाह, मस्जिद के सुंदरीकरण के साथ ही पेयजल, सड़क, विद्युत कार्यों की योजना को साकार कराना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। सर्व समाज की सहूलियत के लिए प्रस्ताव के माध्यम से धार्मिक संस्थानों में कार्य होने है।इस मौके पर सरफराज अंसारी मजहर अहमद मुन्ना जलील अहमद अंसारी तौफीक शेख कौसर अली हामिद मलिक तौफीक शाह आदि मौजूद थे।



# बाबा केदार के दर्शन करने प्रधानमंत्री मोदी आ सकते हैं उत्तराखंड

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आठ नवंबर को उत्तराखंड आने की संभावना उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 26 अक्तूबर को एफआरआई दौरा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अगले एक महीने के दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का दौरा हो सकता है। इस बार राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि हो सकती हैं। उनके नवंबर माह के पहले हफ्ते में उत्तराखंड दौरे पर आने की संभावना है। शासन-प्रशासन उनके दौरे की तैयारियों को लेकर एक दौर की बैठक कर चुका है। उनसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का दौरा होगा। धनखड़ 26 अक्तूबर को वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की वनों पर संयुक्त राष्ट्र फोरम की तीन दिवसीय बैठक का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आठ नवंबर को उत्तराखंड आने की संभावना है। उन्हें श्रीनगर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में आने का निमंत्रण दिया गया है। माना जा रहा कि राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में जब भाग लेने आएंगी तो इस दौरान वह राज्य स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करेंगी। शासन-प्रशासन राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों में जुट गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नवंबर महीने में दिवाली के आसपास बाबा केदार के दर्शन करने आ सकते हैं। सत्ता के गलियारों में उनके उत्तराखंड आने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद मिश्रा के हाल ही किए गए केदारनाथ दौरे के बाद इन चर्चाओं ने जोर पकड़ा है। मिश्रा 21 अक्तूबर को केदारनाथ आए थे और वहां चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया था। माना जा रहा कि प्रधानमंत्री दिवाली के आसपास उत्तराखंड आएंगे। केदारनाथ के कपाट 15 नवंबर भैया दूज के दिन बंद हो रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री केदारनाथ आ सकते हैं।



# आंदोलनकारियों के आरक्षण बिल पर प्रवर समिति का कार्यकाल दो माह बढ़ाया

देहरादून। राजकीय सेवा में राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का इंतजार और बढ़ गया है। विधानसभा में लाए गए क्षैतिज आरक्षण विधेयक पर विचार करने के लिए गठित प्रवर समिति का कार्यकाल दो माह के लिए बढ़ा दिया गया है। समिति की ओर से इस संबंध में अनुरोध किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने की पुष्टि की है। ऐसा दूसरी बार है जब प्रवर समिति के कार्यकाल को विस्तार दिया गया है। अभी तक यही माना जा रहा था कि एक और बैठक के बाद समिति अपनी रिपोर्ट विस अध्यक्ष को सौंप देगी और राज्य स्थापना दिवस से पहले राज्य आंदोलनकारियों की क्षैतिज आरक्षण की मुराद पूरी हो जाएगी। लेकिन, अब उनको इसके लिए और इंतजार करना पड़ेगा। विस में पेश विधेयक पर चर्चा के दौरान उसे प्रवर समिति के हवाले कर दिया गया था। स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में गठित समिति को 15 दिन में विचार कर सिफारिशें देने को कहा था। साथ ही सदन में आश्वासन दिया था कि समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण बिल के लिए विस का विशेष सत्र आहूत किया जाएगा।

# नाभी में तीर मार श्री राम ने किया पापी रावण का अंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विजयादशमी पर्व पर गत दिवस रामलीला मैदान मे अहिरावण, नारंतक तथा रावण वध का मंचन किया गया। रात्रि लीला में कुंभकरण, मेघनाथ तथा रावण वध का मंचन हुआ। रामलीला के मध्य में सुंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। सर्व प्रथम गणमान्य व्यक्तियों द्वारा व्यास पूजन किया गया। लीला में भगवान राम और रावण का घोर युद्ध होता है और रावण अपनी मायावी शक्तियों का प्रयोग करता है। विभीषण द्वारा श्री राम को रावण की नाभी में अमृत वाली बात बताई जाती है और घर का भेदी लंका ढाए कहावत का जन्म होता है। भगवान राम द्वारा विशेष प्रकार के इकठ्ठे तीर चला कर नाभी से अमृत सुखा दिया जाता है और फिर श्री राम द्वार युद्ध में रावण मारा जाता है। मरणासन्न रावण के पास भगवान राम लक्ष्मण को भेजते हैं कि जाओ लक्ष्मण रावण बहुत बड़ा ज्ञानी राजनीतिज्ञ है। उससे कुछ शिक्षा ले कर आओ। लक्ष्मण जी मरणासन्न रावण के सिर के पास जा कर खड़े हो जाते हैं और उससे ज्ञान





मांगते हैं। पर रावण कुछ नहीं बोलता है। इस पर लक्ष्मण जी वापस आ कर राम जी को वृतांत बताते हैं। भगवान श्री राम द्वारा उन्हें बताया जाता है जब किसी से ज्ञान की कामना ले कर जाते हैं तो उसके चरणों को तरफ खड़े होना चाहिए। लक्ष्मण जी द्वारा ऐसा ही किया जाता है। तो रावण कहता है कि हे लक्ष्मण आज की बात को कभी भी कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। मैने सोचा था कि स्वर्ग तक सीढ़ी बनाऊंगा पर कल पर टालता रहा देखो आज मेरी मृत्यु सिर पर खड़ी है पर मेरी इच्छा अधूरी ही रह गई। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री रामचरित मानस का वर्णन करते हुए कहते हैं रावण को मारने के बाद सोने की लंका पर विजय प्राप्त करने के पश्चात लक्ष्मण जी कहते हैं कि भैया चौदह वर्ष तो वनवास के हो गए अब क्यों न हम यहीं इस लंका में रह कर राज करें। भगवान श्री राम मुस्कुराते हुए लक्ष्मण से कहते हैं ष्जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी हे लक्ष्मण अपनी जन्मभूमि स्वर्ग से भी महान है इसलिए इस सोने की लंका की बात छोड़ो और अपनी मातृभूमि अयोध्या चलो। व्यास जी आगे कहते हैं कि रामराज मे किसी भी प्रकार के दैहिक, दैविक एवम भौतिक कष्ट नहीं व्याप्त थे। 55 फिट के रावण के विशेष पुतले का दहन किया गया। जिसके आंख और मुंह चलता हुआ दिखाई दे रहा था। रामलीला संचालन समिति से वेद प्रकाश अग्रवाल, स्वर्ण लाल, विदेश गुप्ता, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, अतुल अग्रवाल, राजेंद्र मुन्ना, बसंत अग्रवाल, एनबी गुणवंत, सौरभ अग्रवाल, योगेश शर्मा आदि रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत तथा अतिथि के रूप में विधायक हल्द्वानी सुमित हृदयेश, मेयर जोगेंद्र रौतेला, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , एडीजे अमरिंदर सिंह, कमिश्नर दीपक रावत, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व अध्यक्ष भाजपा प्रदीप बिष्ट, प्रकाश रावत, दर्जा राज्य मंत्री मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू आदि उपस्थित रहे। साथ ही सेवा में वैश्य महासभा आदि संस्थाएं रही।

# कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए होंगे प्रयास: तनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा को कांग्रेस जिला कार्यकारिणी ने जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। अरुण तनेजा के जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बनाए जाने पर तमाम कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया



है। नवनियुक्त कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अरुण तनेजा ने यहां जारी एक बयान में कहा है कि कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा एवं कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा द्वारा उन पर जो विश्वास व्यक्त करते हुए दायित्व सौंपा है वह इस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने स्थानीय स्तर पर जितनी भी चुनाव लड़े उन पर कांग्रेस पार्टी हमेशा विजयी रही है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी किच्छा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे। इसके लिए वह जिला कार्यकारिणी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते रहेंगे उन्होंने। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जहां जिले की कांग्रेस पार्टी मजबूत हुई है वहीं जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नौ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि जनता वर्तमान सरकारों से त्रस्त है जिस वजह जनता परिवर्तन चाहती है।

# जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

किच्छा(उदसंवाददाता)।जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रधान मार्केट स्थित जावेद मलिक जक्कू के कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारी में जिला सचिव एन यू खान ,जिला उपाध्यक्ष फिरदौस सलमानी ,चेतन शर्मा, जुनैद मलिक, सुमित बाबा, योगेश चौहान का स्वागत किया गया और पार्टी को मजबूत बनाए जाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर तमाम नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो दायित्व दिया गया है उसे पूर्ण ईमानदारी से निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी को जी जान से जुटना होगा ताकि केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली एक विकासशील सरकार का गठन हो सके । वर्तमान में देश की परिस्थितियों अनुकूल नहीं रह गई है तथा



बाहरी स्तर पर भी विरोधी ताकते सक्रिय रूप से भारत विरोधी कार्य करने में लगी हुई है। अंदरूनी और बाहरी ताकतों को रोकने के लिए केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का गठन होना नितांत आवश्यक है। वर्तमान में जुमलेबाजों की सरकार बनी हुई है जो ना तो रोजगार और ना ही विकास और नहीं अन्य मुद्दों पर खरी उतर रही है ।सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में निरंकुश सरकार को हटाना ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उद्देश्य होना चाहिए। स्वागत करने वालों में अकरम खान, तस्लीम राजा, सलमान, रिजवान अंसारी ,शोएब अंसारी ,विक्रम कोरंगा, तनु ,बॉबी गुप्ता, तौकीर सकलानी, कोच अरमान, हरेंद्र हरेंद्र पाल, अजीम अहमद ,विनोद मौर्य ,आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ग्राम जयनगर में दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर सभी के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक ठुकराल का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व बुराईयों को त्यागने और अच्छाईयों को ग्रहण करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। पाश्चात्य सभ्यता से ग्रसित व दूषित हुए भारतीय समाज में भारतीय संस्कृति व सभ्यता तथा जीवन दर्शन को



पुर्नस्थापित करने हेतु ईश्वरीय अराधना वव धार्मिक जनजागरण अति आवश्यक है क्यों कि विदेशी पाश्चात्य शक्तियां भारतीय संस्कृति व हमारा हिंदू धार्मिक ताना बाना ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि समग्र हिंदू समाज को अपनीभारतीय सभ्यता व संस्कृति का संरक्षण करे। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, अंकित बाटला, बंटी कोली, राजेश यादव, मुकेश यादव आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# दहेज उत्पीड़न में पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा

गदरपुर (उद संवाददाता)। दहेज में लाखों रुपये की नगदी और कार न लाने पर विवाहिता का उत्पीड़न कर तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार ग्राम महतोष गदरपुर निवासी मोहम्मद इरफान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसने अपनी पुत्री अक्शा का निकाह तीन मई 2023 को मलिक का बगीचा, वार्ड नंबर 31, नई बस्ती मुस्तफा चौक, बनफूलपुरा हल्द्वानी निवासी मोहम्मद आरिफ के पुत्र मोहम्मद आलिम के साथ किया था। निकाह के बाद से ही ससुराल वाले उसे दस लाख रुपये की नगदी और कार लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। 26 अगस्त को उनका दामाद मोहम्मद आलिम अक्शा को मायके छोड़ गया और कहा कि जब तक रुपयों और कार का इंतजाम न हो अक्शा यहीं रहेगी और अगर इंतजाम नहीं हुआ तो मैं तलाक दे दूंगा। मोहम्मद आलिम की धमकी से घबराकर दो अक्टूबर को अक्शा अपने ससुराल चली गई। इस दौरान अक्शा के पिता को सूचना मिली कि अक्शा के साथ उसके पति मोहम्मद आलिम, ससुर मोहम्मद आरिफ, सास कुबरा बेगम और ननद मुसव्या ने मारपीट की है। मोहम्मद इरफान अपने कुछ लोगों को साथ लेकर हल्द्वानी गये। इस दौरान उन्होंने उनको काफी समझाने की कोशिश की लेकिन ससुरालियों का कहना था कि जब तक दस लाख रुपये की नगदी और कार नहीं मिलेगी तब तक इसका घर में रह पाना नामुमकिन है। अक्शा ने अपने गर्भ में पल रहे शिशु का हवाला देते हुए घर में रहने का निवेदन किया तो मोहम्मद आलिम ने अक्शा के पेट पर लात मार कर उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया और मौके पर मौजूद लोगों के सामने तीन तलाक दे दिया। मोहम्मद इरफान ने पुलिस को तहरीर देकर अक्शा के ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अक्शा के पति मोहम्मद आलिम, ससुर मोहम्मद आरिफ, सास कुबरा बेगम और विवाहित ननद मुसव्या के खिलाफ धारा 323, 498 ए, 504 व 506 के अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 एवं मुस्लिम महिला विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम के तहत धारा 3/4 में मुकदमा दर्ज कर लिया कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**हादसे में बाल बाल बचे....**सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी उन्हें अपने वाहन से काशीपुर लाये। जहां केवीआर अस्पताल में उनके भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बुधवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रामनगर रोड स्थित एक होटल के सभागार में पहुंचकर पत्रकार वार्ता की। साथ ही कार्यकर्ताओं से भी मिले। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जीवन मृत्यु ईश्वर के हाथ में है बगैर उसके पत्ता नहीं हिल सकता। घटना के बारे में जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने बताया कि रात्रि लगभग 11:45 बजे के करीब जब वह कार से काशीपुर की ओर आ रहे थे इसी दौरान एक वाहन को बचाने के चक्कर में गाड़ी डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। स्वास्थ्य में सुधार होने पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ईश्वर के प्रति कृतज्ञता जताते हुए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के दुआओं का नतीजा है कि वह एक बार फिर से सबके सामने खड़े हैं। सड़क हादसे में पूर्व सीएम के बाल बाल बचने पर यहां कार्यकर्ताओं ने ईश्वर का आभार जताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पत्रकारों से रूबरू होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एक बार फिर से वैचारिक रूप से एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि हम अलग हुए तो टुकड़ों में बिखर जाएंगे इसलिए हमें पूर्व की भांति एकजुट होने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि भाजपा के राजकाज से देश की जनता त्रस्त आ चुकी है। उन्होंने कहा कि अकेले उत्तराखंड में ही नहीं वरन समूचे देश में परिवर्तन की लहर है ऐसे में यदि कांग्रेस कार्यकर्ता एक जुट होकर तन मन से सियासी जंग की तैयारी में लग जाए तो मुमकिन है एक बार फिर से देश व प्रदेश की सत्ता पर कांग्रेस का शासन होगा। मिशन 2024 की तैयारियों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कमर कसने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान, कांग्रेस के युवा नेता अर्पित मेहरोत्रा, शशांक सिंह, संदीप सहगल, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, राशिद फारुकी, विनोद होंडा, योगेश जोशी, उमेश जोशी, राजा पटवाल समेत बड़ी तादाद में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**हाइड्रा से कुचलकर...**मोटरसाइकिल पर सवार होकर मार्केट से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान लगभग 9:30 बजे सुबह पच्चावाला के करीब अनियंत्रित हाइड्रा के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारते हुए बाइक पर पीछे सवार बच्चे को मौत की नींद सुला दिया। एक्सीडेंट की इस घटना में बाइक चालक स्वाति को भी गंभीर चोटे आई। एक्सीडेंट की इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लावारिस हालत में खड़े हाइड्रा को कब्जे में लेते हुए घायल युवती को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय भिजवाया जहां से उसे इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हृदय विधायक घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**कार खाई में गिरने से ...**ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार संख्या डीएल 1जेडसी 7131 ग्राम सत्यों से सवारी छोड़कर वापस गौली महर आ रहा था, मेरधुरा से 500 मीटर पहले वाहन सड़क से नीचे खाई में गिर गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से नीचे खाई में जाकर देखा तो सड़क से लगभग 100 मीटर नीचे वाहन में 43 वर्षीय विनोद सिंह रावत पुत्र दीवान सिंह रावत निवासी गौलीमहर थाना लमगडा अचेत अवस्था में पड़ा था। उक्त वाहन में अन्य कोई व्यक्ति सवार नही था। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से स्टेचर व रस्सों आदि से विनोद सिंह रावत को सड़क पर लाकर सीएचसी लमगडा ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लमगड़ा पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**जामा मस्जिद कमेटी..**को लेकर वह पूर्व में भी प्रशासन को अवगत करा चुके है एसडीएम तुषार सैनी ने मामले में जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है इस मौके पर मो आरिफ, सोनू अंसारी, इकबाल अंसारी, शफीक अंसारी, मुखतियार अहमद, मोबीन अहमद आदि मौजूद थे।

**मोबाईल चोरी कर...**बताया अचानक उसकी नींद खुल गयी शोर मचाने पर ने युवक को मोबाईल सहित घर के बाहर पकड़ लिया । पकड़े गये युवक ने अपना नाम अजय चन्द्रा पुत्र छोटे लाल निवासी बदधन थाना देवरनिया जिला बरेली हाल निवासी वार्ड 2, राजा कालौनी, ट्रांजिट कैम्प बताया। युवक को पकड़कर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने पकड़े गये मोबाईल चोर को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**नशे में धुत...** कर दिया गया है। चारों का मेडिकल कराया गया है। चारों के शराब पीने की पुष्टि हुई है। सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी ने कहा कि रुद्रपुर निवासी चारों का चालान कर उन्हें छोड़ दिया गया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'कुमाऊं' के कारीगरों के उन्नयन की आरंभ हुई 'कवायद'

## प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के प्रथम चरण में हुआ कुमाऊं के चार जिलों का चयन, महानिदेशक उद्योग ने संबंधित जिला अधिकारियों को जारी किए आवश्यक निर्देश

-अर्श-

रूद्रपुर। कुमाऊं का पार्वतीय अंचल हस्तशिल्प की दृष्टि से बेहद समृद्ध है।यहां लकड़ी के फर्नीचर, हस्तशिल्प, ऊनी शाल, कालीन, ताम्र शिल्प, सजावटी कैंडल, रिंगाल के उत्पाद, ऐपण, लौह शिल्प आदि बहुत शानदार पारंपरिक कार्य विभिन्न क्षेत्रों की पहचान बने हुए हैं। रिंगाल और बांस की ही बात करें तो यह पिथौरा गढ़, चमोली, अल्मोड़ा आदि जिलों का प्रमुख हस्तशिल्प उद्योग है। इससे सूप, डाले या डलिया, टोकरी, कंडी, चटाई, मोस्टा आदि हस्तशिल्प वस्तुएं बनाई जाती हैं।कहने की जरूरत नहीं की देवभूमि की पारंपरिक हस्तकला एवम हस्तशिल्प तो सदैव ही बेहद शानदार रही है ,लेकिन उपभोक्ता की जरूरतों के अनुशार उत्पाद के निर्माण का प्रशिक्षण अभाव, जरूरी पूजीगत निवेश और बाजार की कमी के कारण, इससे जुड़े कारीगर लगातार संघर्ष करते रहे हैं। सरकारी दावे की माने तो अब इन हस्तशिल्पकारों के संघर्ष के दिन अब समाप्त होने वाले हैं और प्रस्तावित प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना इनके लिए वरदान साबित होने जा रही है। बताया जा रहा है कि हस्तशिल्प से जुड़े चयनित कारीगरों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण की अवधि के दौरान 500 रुपए प्रतिदिन का अनुदान और औजार खरीदने के लिए 15 हजार सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही अपना व्यवसाय शुरू करने या आगे बढ़ाने के लिए पहले 1 लाख ,उसके बाद दो लाख रुपए का लोन 5 फीसद बयाज पर बिना किसी गारंटी के दिया जाएगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि चयनित कारीगर या शिल्पकार जो सामान तैयार करेंगे ,उसकी बिक्री की चिंता भी सरकार करेगी। फिलहालप्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए पहले चरण में कुमाऊं




मंडल के चार जिलों अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ का चयन किया गया है।शासन ने चारों जिलों के जिलाधिकारियों को संबंधित जिलों की ग्राम पंचायतों के प्रधानों को योजना के पोर्टल पर ऑनबोर्ड करने के निर्देश दिए हैं।इस संबंध में महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा ने चारों के जिलों जिलाधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि पीएम विश्वकर्मा योजना का 17 सितंबर को उद्घाटन हो चुका है और अब इसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर अमली जामा पहने जाने के लिए प्रतिबद्ध कोशिश की जरूरत है। हासिल जानकारी के मुताबिक इस योजना के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में ग्राम प्रधान व नगरीय क्षेत्रों में नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सत्यापन करेंगे।दूसरे चरण में डीएम की अध्यक्षता में गठित जिला कार्यान्वयन समिति और तीसरे व आखिरी चरण में डीएफओ, एमएसएमई केंद्र सरकार की अध्यक्षता में गठित राज्यस्तरीय समिति। योजना के पहले चरण में राज्य के चार पर्वतीय जिलों में ग्राम पंचायत प्रधान कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑनबोर्ड होंगे। इसके लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को काम धंधा शुरू करने के लिए सरकार सस्ता लोन देगी। योजना में 18 पारंपरिक कार्यों के लाभार्थियों को सबसे पहले ट्रेनिंग और स्टाइपेंड का प्रावधान है।पात्र लाभार्थियों में बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, मरम्मत करनेवाला, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, सुनार, पॉटर, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी और झाड़ू निर्माता, गुड़िया और खिलौना निर्माता, नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी, मछली पकड़ने के जाल के निर्माता आदि को शामिल किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को अपना अधिवास प्रमाण पत्र, कौशल प्रमाणपत्र, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक, खाता संख्या, नमूना हस्ताक्षर आदि उपलब्ध कराना होगा। प्रधानमंत्री विश्व कर्मा योजना के पहले चरण में राज्य के चार पर्वतीय जिलों में ग्राम पंचायत प्रधान कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर ऑनबोर्ड होंगे और इसके लिए एक सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है।

# रावण को मिला था उसके अमर्यादित कार्यों का फल: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रावण महा ब्राह्मण था परंतु उसके कुछ अमर्यादित कार्यों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हाथों उसकी मौत हुई। विजयादशमी पर्व समाज को संदेश देता है कि कभी भी किसी का अहित नहीं सोचकर हमेशा समाज एवं परिवार के प्रति अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। यह बात वरिष्ठ समाज सेवी एवं भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने गत दिवस विजया दशमी पर्व पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर उपस्थित लोगों के संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज भी अनेक स्थानों में रावण की पूजा की जाती है। श्री चुघ ने कहा कि रावण के पुतले के रूप में समाज में व्याप्त बुराइयों व कुरीतियों का दहन कर सभी से इन्हें समाप्त करने के प्रति प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विजया दशमी पर्व में राजपूत परिवारों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा शस्त्र पूजन भी किया जाता है। श्री चुघ ने सभी क्षेत्र वासियों को विजया दशमी पर्व पर शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने मुख्य रामलीला स्थल गांधी पार्क में विधायक शिव अरोरा, एसएसपी मंजूनाथ टीसी व अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ रावण, कुभकरण तथा मेघनाथ के पुतलों के दहन से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान में भी प्रतिभाग किया। श्री चुघ सामिया लेक सिटी, ओमैक्स कालोनी सहित अन्य स्थानों पर भी विजया दशमी के कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, एसएसपी डाक्टर मंजूनाथटीसी, ओमेक्स समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, डॉ. केएस राठौड़, रवि वर्मा, अमित गौड़, शिव कुमारसागर, राज कोली , विजय भूषण गर्ग, ललित गोयल, राकेश चौहान, अंकित नरूला, डॉ. रवि फुटेला, डॉ.मनदीप सिंह, एडवोकेट अमित छाबड़ा, प्रदीप सांगवान, गिरजा शंकर जोशी, योगेश वर्मा, चेतन बंसल, नित्य प्रकाश, रेखा नेगी, गुंजन खेड़ा,राधा बजाज, कनिका चुघ आदि थे।





# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर( उद संवाददाता)। पिपलिया नंबर 1 निवासी एक युवक ने अज्ञात फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार पिपलिया नंबर एक निवासी सागर मंडल का सुपुत्र राजू मंडल (28वर्ष) ने सोमवार रात्रि करीब 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते कमरे में पंखे के साथ लटककर फांसी लगा ली। बताया जाता है कि गांव में दुर्गा पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। युवक के माता पिता ने सोचा कि उसका पुत्र दुर्गा पूजा कार्यक्रम में गया है। जब काफी देर हो गयी तो उन्होंने अपने घर पर तीसरे मंजिल पर देखा जहां उसक पुत्र राजू पंखे से फांसी लगा कर लटका हुआ था। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिवार के लोग दुर्गा पूजा पिपलिया नंबर एक में गए हुए थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक अपने पीछे पत्नी मनीशा, एक बेटी रुही, बेटा जुआंश को रोता विलखता छोड़ गया है। मंगलवार को पोस्टमार्डम के बाद शव परिजनों का सौंपा गया और दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर चाचा भजूराम,मुकेश बाला,आशीष बाला, बरुण हालदार,गौतम बिस्वास, ओमिओ कुमार,जयदेव राहा, तुषार बाला,पृथ्वी राय,गौरव,अविनाश एवं भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।



